ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 22 जून 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 70


# लखनऊ अग्निकांड: कोचिंग सेंटर वाली इमारत में भीषण आग, 15 लोगों की मौत; छात्रों ने बाथरूम में छिपकर और तारों से उतरकर बचाई जान




24 न्यूज अपडेट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया। अलीगंज इलाके में एक इमारत में लगी भीषण आग में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 3 महिलाएं और 12 पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ज्यादातर मृतक छात्र थे। जानकारी के अनुसार आग सोमवार दोपहर करीब 2:15 बजे लगी। जिस इमारत में हादसा हुआ, उसके बेसमेंट, ग्राउंड और पहले फ्लोर पर पेट शॉप और क्लीनिक संचालित हो रहे थे। वहीं दूसरे फ्लोर पर लर्निंग स्पेस लाइब्रेरी (कोचिंग) और हेड हॉपर स्टूडियो था, जहां 3D आर्ट प्रोडक्शन और गेम एसेट आउटसोर्सिंग का काम होता था। आग फैलने के बाद दूसरे फ्लोर पर मौजूद छात्रों में अफरा-तफरी मच गई। कई छात्रों ने खुद को बचाने के लिए बाथरूम में बंद कर लिया। कुछ लोगों ने तारों के सहारे नीचे उतरकर अपनी जान बचाई। जयंत नाम के एक छात्र ने पहली मंजिल से कूदकर खुद को बचाया, हालांकि वह घायल हो गया। फायर ब्रिगेड की करीब 10 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। राहत और बचाव कार्य में SDRF और NDRF की टीमें भी जुटीं। फायर कर्मियों ने बिल्डिंग की पीछे की दीवार तोड़कर अंदर फंसे लोगों और शवों को बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। बेसमेंट में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इमारत में आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) की व्यवस्था नहीं थी, जिससे लोगों को बाहर निकलने में परेशानी हुई। हादसे में 23 वर्षीय सुखमणि की भी मौत हुई है। उनके दोस्त ने बताया कि वह 3D एनीमेशन कंपनी में चार साल से काम कर रहे थे। कंपनी में करीब 40 लोग काम करते थे। बताया गया कि ऑफिस का मुख्य गेट थंब इंप्रेशन सिस्टम से खुलता था और आग लगने के बाद गेट खोलने में देरी हुई। घटना के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी आंखों के सामने शव बाहर निकलते देखे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी घटनास्थल पहुंचे और राहत-बचाव कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद वह ट्रॉमा सेंटर गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी लखनऊ पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। हादसे के बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। इमारत के नक्शे, सुरक्षा इंतजाम और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### जिस इमारत में आग लगी, वो रामेश्वरम इंजीनियरिंग कॉलेज के मालिक की

लखनऊ में आग लगी जिस बिल्डिंग को लेकर जानकारी सामने आई है कि यह वीरेंद्र शुक्ला की जमीन पर बनी है। बताया जा रहा है कि वे रामेश्वरम इंजीनियरिंग कॉलेज से जुड़े हैं, जिसे रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (RITM) के नाम से भी जाना जाता है। यह लखनऊ का एक प्रमुख निजी संस्थान है, जिसकी स्थापना 2008 में हुई थी। यह डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (AKTU) से संबद्ध तथा AICTE से मान्यता प्राप्त है।

## भ्रामक दावों पर FSSAI की कार्रवाई, 14 फूड ब्रांड्स को नोटिस




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने गलत दावों, लेबलिंग नियमों के उल्लंघन और ग्राहकों की शिकायतों के आधार पर 14 फूड ब्रांड्स को नोटिस जारी किया है। कंपनियों से सुधारात्मक कदम उठाने और दावों से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा गया है। FSSAI की जांच में कई उत्पादों पर ऐसे दावे पाए गए जो नियमों के अनुरूप नहीं थे। इनमें मैंगो जूस में "नो ऐडेड शुगर" का दावा, जबकि उसमें गन्ने का रस शामिल होना, मैदे को "ऑर्गेनिक फ्लोर" बताना और कुछ उत्पादों पर स्वास्थ्य संबंधी बिना प्रमाण के दावे शामिल हैं। जिन कंपनियों को नोटिस मिला है उनमें प्लक्क मैंगो फ्रूट जूस, नेचुरल पनीर, गौर हेल्दी फूड का सिल्कन टोफू, मास्टरचौ फूड्स रैमन नूडल्स, किंडर जॉय, एटम PWR व्हे XL, सफोला टोटल हार्ट प्रो कुकिंग ऑयल सहित अन्य ब्रांड शामिल हैं। FSSAI ने पाया कि कुछ उत्पादों की पैकेजिंग पर "100% नेचुरल", "प्योर एंड हेल्दी", "हार्ट प्रो" जैसे दावे किए गए थे, लेकिन इनके समर्थन में पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं थे। वहीं कुछ सप्लीमेंट्स में भी स्वास्थ्य और प्रदर्शन बढ़ाने वाले दावों की जांच की जा रही है। इसके अलावा Bikanervala को सोशल मीडिया शिकायत के आधार पर नोटिस दिया गया है, जबकि परम डेयरी के उत्पादों में फंगस लगने की शिकायतों के बाद जांच शुरू की गई है। FSS Act, 2006 के तहत कंपनियां ग्राहकों को गुमराह करने वाले दावे नहीं कर सकतीं। नियमों का उल्लंघन मिलने पर जुर्माना लगाने से लेकर लाइसेंस रद्द करने तक की कार्रवाई का प्रावधान है।


## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने दिया इस्तीफा, जुलाई में मिलेगा नया पीएम



24 न्यूज अपडेट

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्टार्मर ने कहा कि लेबर पार्टी को लगता है कि वह अगले चुनाव में नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति नहीं हैं। स्टार्मर का इस्तीफा पार्टी के अंदर बढ़ते विरोध के बीच आया है। लेबर पार्टी के 400 सांसदों में से 100 से ज्यादा सांसदों ने उनके नेतृत्व को लेकर नाराजगी जताई थी। कई नेताओं ने उनसे पद छोड़ने की मांग की थी। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग, रक्षा मंत्री जॉन हीली और मंत्री जेस फिलिप्स ने भी स्टार्मर के इस्तीफे की मांग को लेकर अपने पद छोड़े थे। स्टार्मर पिछले 10 साल में कार्यकाल पूरा होने से पहले पद छोड़ने वाले ब्रिटेन के पांचवें प्रधानमंत्री बन गए हैं। इससे पहले डेविड कैमरून, थेरेसा मे, बोरिस जॉनसन और लिज ट्रस भी कार्यकाल के दौरान इस्तीफा दे चुके हैं। स्टार्मर ने बताया कि उन्होंने अपने फैसले की जानकारी ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय को दे दी है। उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी जुलाई के मध्य तक अपना नया नेता चुन लेगी। नए नेता के चुने जाने तक वह प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे और अपने उत्तराधिकारी को पूरा सहयोग देंगे। लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (NEC) 9 जुलाई से नए नेता के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेगी। कोशिश है कि 17 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले नया नेता चुन लिया जाए। ब्रिटेन में जनता सीधे प्रधानमंत्री का चुनाव नहीं करती। लोग सांसद चुनते हैं और जिस पार्टी को संसद में बहुमत मिलता है, उसका नेता प्रधानमंत्री बनता है। इसलिए लेबर पार्टी का नया नेता ही ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना रखता है और इसके लिए तुरंत आम चुनाव जरूरी नहीं होगा।

## जयपुर में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी महिला स्लीपर सेल होने के संदेह में महिला हिरासत में, ATS कर रही पूछताछ



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (ATS) ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से कथित तौर पर जुड़ी एक महिला को हिरासत में लिया है। महिला की पहचान बबीता (37) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से सवाई माधोपुर जिले की रहने वाली बताई जा रही है। ATS ने उसे जयपुर के वाटिका क्षेत्र से रविवार को पकड़ा। यह कार्रवाई मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिले इनपुट के आधार पर की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला कथित रूप से कट्टरपंथी विचारधारा के प्रभाव में थी और उसे आतंकी संगठन के लिए तैयार किए जाने की आशंका जताई गई है। ATS के SP मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जांच एजेंसियों को महिला के पाकिस्तान जाने की इच्छा और धर्म परिवर्तन के प्रयासों से जुड़ी जानकारी मिली थी। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां उसके सोशल मीडिया अकाउंट, संपर्कों और नेटवर्क की जांच कर रही हैं।

3-4 महीने से निगरानी में थी महिला ATS अधिकारियों के अनुसार, महिला की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पिछले 3-4 महीनों से निगरानी की जा रही थी। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मिले इनपुट के आधार पर उस पर नजर रखी जा रही थी। जांच में सामने आया कि महिला वॉट्सऐप सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए कथित रूप से आतंकी संगठनों के संपर्क में थी। एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि उसका संपर्क किन लोगों से था और क्या वह किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा थी।

मोबाइल डेटा रिकवर करने में जुटी एजेंसियां ATS के मुताबिक, महिला के मोबाइल से कुछ दस्तावेज और अन्य जानकारी पाकिस्तान भेजे जाने की जांच की जा रही है। महिला ने मोबाइल डेटा डिलीट किया है, जिसे रिकवर करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद जांच में और तथ्य सामने आने की उम्मीद है। महिला को 27 जून तक रिमांड पर लिया गया है। एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं कि उसे किसने प्रभावित किया, किन लोगों से संपर्क था और क्या किसी तरह की आर्थिक या अन्य मदद मिली। बताया जा रहा है कि बबीता की शादी करीब 10-15 साल पहले हुई थी और वह वर्तमान में जयपुर के वाटिका क्षेत्र में अपने रिटायर्ड पिता के साथ रह रही थी।

## महाराष्ट्र में उद्धव गुट को झटका, शिवसेना (शिंदे) में शामिल हुए 6 सांसद; लोकसभा में संख्या 13 हुई



24 न्यूज अपडेट

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर शिवसेना में बड़ी टूट देखने को मिली है। उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के 9 में से 6 सांसद सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। सभी बागी सांसदों ने मुंबई में एकनाथ शिंदे के साथ बैठक के बाद पार्टी बदलने का ऐलान किया। एकनाथ शिंदे के नंदनवन बंगले पर हुई बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिंदे ने कहा कि 2022 में जब उन्होंने पार्टी और धनुष-बाण के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक साथ थे और अब छक्के लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम बालासाहेब ठाकरे के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए उठाया गया है और अब ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना के साथ आए हैं। 6 सांसदों के शामिल होने के बाद लोकसभा में शिंदे गुट के सांसदों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है, जबकि उद्धव ठाकरे गुट में अब केवल 3 सांसद रह गए हैं। यह 2022 के बाद शिवसेना में दूसरी बड़ी टूट मानी जा रही है। उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने इस घटनाक्रम पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी छोड़ने वाले सांसदों ने साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि कम से कम यह स्वीकार करना चाहिए कि लालच के कारण उन्होंने रातोंरात पार्टी छोड़ दी। इससे पहले उद्धव ठाकरे ने मुंबई में अपने विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक की और मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की। हालांकि बैठक में उद्धव गुट के 4 विधायक निजी कारणों से शामिल नहीं हो सके। शिवसेना (उद्धव गुट) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने शिंदे गुट पर हमला बोलते हुए कहा कि शिंदे ने 6 गद्दार पैदा किए हैं और हालात संभालने के लिए अब सर्जरी करनी पड़ेगी। वहीं उद्धव ठाकरे ने कहा कि बागी सांसदों को अपना पक्ष रखने दिया जाए, सही समय आने पर वह अपना पक्ष रखेंगे। संजय राउत के अनुसार उद्धव ठाकरे 27 जून से महाराष्ट्र में जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे और बागी सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों का दौरा भी करेंगे।

## उदयपुर सर्राफा बाजार में तीन दिन बाद सोने-चांदी के भावों में तेजी, चांदी 2550 रुपए तक उछली



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार पिछले तीन दिनों में स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने-चांदी के भावों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। 19 जून के मुकाबले 22 जून को सोने और चांदी दोनों के भावों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 19 जून को चांदी टंच का भाव 2,38,800 रुपए प्रति किलो और चांदी चौरसा का भाव 2,37,500 रुपए प्रति किलो रहा था। वहीं 20 जून को मामूली गिरावट के साथ चांदी टंच 2,38,600 रुपए और चांदी चौरसा 2,37,300 रुपए प्रति किलो रही। 22 जून को चांदी के भावों में तेजी आई और चांदी टंच 2,41,350 रुपए तथा चांदी चौरसा 2,40,000 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। इस तरह तीन दिनों में चांदी टंच में 2550 रुपए और चांदी चौरसा में 2500 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई। सोने के भावों में भी तीन दिनों में तेजी देखने को मिली। 19 जून को सोना स्टैंडर्ड (999) का भाव 1,48,000 रुपए रहा, जो 20 जून को घटकर 1,47,900 रुपए हो गया। 22 जून को इसमें तेजी के साथ भाव 1,48,500 रुपए पहुंच गया। इस दौरान सोना स्टैंडर्ड में 500 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोना जेवराती (23 कैरेट) का भाव 19 जून को 1,42,080 रुपए, 20 जून को 1,41,985 रुपए और 22 जून को बढ़कर 1,42,560 रुपए रहा। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव 19 जून को 1,36,160 रुपए से बढ़कर 22 जून को 1,36,620 रुपए हो गया। सर्राफा बाजार में 20 जून की मामूली गिरावट के बाद 22 जून को खरीदारी बढ़ने से सोने-चांदी के भावों में तेजी दर्ज की गई। सभी भावों पर 3 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त रहेगा।


## संपादकीय : न्याय की खातिर

किसी भी आपराधिक मामले में समय पर न्याय तभी सुनिश्चित हो पाता है, जब जांच प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और उसमें गंभीरता एवं निष्पक्षता हो । आज के दौर में जांच-पड़ताल में तकनीक की भी अहम भूमिका है। खासकर कृत्रिम मेधा यानी एआइ के तहत ऐसे उपकरण विकसित किए जा चुके हैं, जिनकी मदद से अपराधियों की धर-पकड़ और साक्ष्य जुटाना काफी आसान हो गया है। मगर सवाल है कि देश में जांच एजेंसियां क्या इस तरह की तकनीक का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल कर रही हैं या नहीं? केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से हाल में दी गई जानकारी से यही लगता है कि जांच प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग अभी प्रारंभिक स्तर पर है। गृह मंत्री ने कहा कि आपराधिक मामलों में राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली का अभी केवल दस फीसद ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका उपयोग अपराधियों की पहचान करने के लिए किया जाता है। इसके जरिए अपराध स्थलों से एकत्र किए नमूनों और साक्ष्यों का डेटाबेस तैयार किया जा सकता है, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि आखिर जांच एजेंसियां इस पर ध्यान क्यों नहीं दे रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि संज्ञेय अपराधों से जुड़े मामलों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में दोषसिद्धि दर वर्ष 2018 और 2019 में करीब 66 फीसद थी। हालांकि, उसके बाद से जांच एजेंसियों को कई तरह की तकनीकों से लैस किया गया है, लेकिन दोषसिद्धि दर में अपेक्षाजनक सुधार नजर नहीं आया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, दोषसिद्धि दर कम होने के प्रमुख कारणों में जांच प्रक्रिया का धीमा होना, मामलों की गंभीरता को नजर अंदाज करना और साक्ष्यों की कमी शामिल है। कई बार अपराधी इसलिए बरी हो जाते हैं, क्योंकि अभियोजन पक्ष आरोपों को सबूतों के आधार पर साबित करने में नाकाम रहता है। यह अफसोसनाक है कि तकनीकी सुविधाओं के बावजूद जांच एजेंसियां वैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखकर जांच नहीं करती हैं, जिससे न्याय की उम्मीद भी धुंधली पड़ जाती है। ऐसे में जरूरी है कि आपराधिक मामलों की जांच प्रकिया को लेकर अलग से एक निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए, जो इस बात पर नजर रखे कि जांच में तकनीक का कितना इस्तेमाल किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली की बात की जाए, तो इसका इस्तेमाल केवल अपराधियों को खोजने तक सीमित नहीं होना चाहिए। यह प्रक्रिया तभी सफल हो सकती है, जब अपराध स्थल से एकत्र फिंगरप्रिंट के माध्यम से डेटाबेस तैयार किया जाए। यह दो तरफा प्रणाली है, जो अपराधी की पहचान करने में बहुत उपयोगी है, लेकिन अपराध तभी साबित हो सकता है, जब डेटा तैयार किया जाए। इसका एक पहलू यह भी है कि जांच एजंसियों को नई तकनीकों से लैस तो कर दिया गया है, लेकिन उनके इस्तेमाल की जानकारी बहुत कम कर्मियों को होती है। ऐसे में उपलब्ध उपकरणों के उपयोग के लिए व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण देने की जरूरत है। जब वैज्ञानिक आधार पर आरोप-पत्र तैयार होंगे और आधुनिक तकनीक की मदद से पुख्ता साक्ष्य जुटाए जाएंगे, तो समय पर न्याय मिलने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी। इसके अलावा जांच एजंसियों में हर स्तर पर जवाबदेही तय करना भी बेहद जरूरी है, अगर किसी मामले में जांच के स्तर पर लापरवाही चूक होती है, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

## तापमान का संकट

जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ताप को लेकर दुनिया भर में हुए वैज्ञानिक अध्ययनों में दी गई चेतावनियों को शायद कभी गंभीरता से नहीं लिया गया है। कागजों में भले ही कई तरह के कार्यक्रमों और योजनाओं का खाका तैयार किया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन्हें प्रभावी तरीके से लागू करने की तत्परता नजर नहीं आती है। यही वजह है कि वैश्विक ताप लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ओर से हाल में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया क्षेत्र में वर्ष 1991 से 2025 के दौरान तापमान वृद्धि दर 1961 से 1990 की तुलना में लगभग दोगुनी रही। इसमें वर्ष 2025 अब तक के सबसे गर्म वर्षों के रूप में उभरा है। इसके नतीजतन प्राकृतिक आपदाओं में तेजी आई है, जिससे न केवल आर्थिक, बल्कि मानवीय क्षति भी बढ़ोतरी हुई है। सवाल है कि आखिर पर्यावरण संरक्षण के जरिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के उपायों को लेकर हर स्तर पर लापरवाही क्यों बरती जा रही है ? गौरतलब है कि जलवायु विशेषज्ञ पहले भी एशिया सहित पूरी दुनिया में बढ़ते तापमान को लेकर सचेत करते रहे हैं। अगर तापमान को स्थिर नहीं रखा गया, त इसके नतीजे दूरगामी और भयावह हो सकते हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट से पता चलता है कि एशिया के अधिकांश हिस्सों में औसत तापमान बढ़ रहा है। ऐसे में भारत समेत क्षेत्र के अन्य देशों को सजग होने की जरूरत है। इस रिपोर्ट को इसलिए भी गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि इसमें बताया गया है कि वर्ष 2025 के दौरान एशिया के लगभग सभी समुद्री क्षेत्रों में भीषण लू चली। स्वाभाविक रूप से इसका प्रभाव कई देशों पर पड़ा है। पूर्वी और पश्चिमी एशिया से लेकर दक्षिण एशिया में बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं जन-जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए न केवल सरकारी, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है। अगर समय रहते कारगर कदम नहीं उठाए गए, तो निकट भविष्य में जलवायु संकट एक ऐसी चुनौती बनकर सामने खड़ा होगा, जिससे निपटना आसान नहीं होगा ।

# मस्जिद के गेट पर दो गुटों में खूनी संघर्ष: लाठी-डंडों और सरियों से हमला, 8 लोग घायल; सदर चुनाव के बाद से चल रही थी रंजिश



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। जिले के फतहनगर में जामा मस्जिद के गेट पर शुक्रवार (19 जून) को दो गुटों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और सरियों से हमला कर दिया। इस घटना में 8 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस के अनुसार, घटना जुमे की नमाज के बाद की है। बताया जा रहा है कि मस्जिद परिसर में बने सामुदायिक भवन के कब्जे को लेकर दोनों गुटों के बीच बातचीत चल रही थी। इसी दौरान विवाद बढ़ गया। एक पक्ष के लोग नाराज होकर मस्जिद से बाहर चले गए और पास में चल रहे मकान निर्माण कार्य से डंडे व सरिए उठाकर दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया।

### दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस केस दर्ज

फतहनगर थानाधिकारी चंद्रशेखर किलानिया ने बताया कि मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की ओर से शिकायत दी गई है। एक पक्ष की ओर से शब्बीर भाटी और दूसरे पक्ष की ओर से अब्बार हुसैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है। घायलों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

### डेढ़ साल से चल रहा था विवाद

थानाधिकारी ने बताया कि दोनों गुटों के बीच करीब डेढ़ साल पहले हुए सदर (अध्यक्ष) चुनाव के बाद से विवाद चल रहा था। कई मुद्दों को लेकर दोनों पक्षों में मतभेद थे और पहले भी कई बार विवाद की स्थिति बन चुकी थी। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय प्रशासन, पुलिस और उदयपुर व कपासन से आए समाज के लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे, लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ। अब पुलिस मामले में सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# उदयपुर में री-नीट परीक्षा के दौरान 3 घंटे में ही ले लिया पेपर, परीक्षार्थी ने कलेक्टर-एसपी को दी शिकायत



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। उदयपुर शहर में आयोजित री-नीट परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी ने परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पेपर जमा करवाने का आरोप लगाया है। परीक्षार्थी रिया पारिख ने जिला कलेक्टर और एसपी को पत्र देकर अपनी परेशानी बताई। रिया पारिख के अनुसार उनका परीक्षा केंद्र मीरा गर्ल्स कॉलेज था। वहां कमरा नंबर 134 में तैनात इन्विजिलेटर ने 3 घंटे बाद ही उनका पेपर ले लिया, जबकि इस बार परीक्षा का समय 3 घंटे 15 मिनट निर्धारित किया गया था। रिया का कहना है कि अतिरिक्त दिए गए 15 मिनट उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण थे, लेकिन समय से पहले पेपर जमा करवाने के कारण उनकी ओएमआर शीट पूरी नहीं हो सकी। रिया के परिजनों ने बताया कि उन्होंने कमरे नंबर 134 की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उपलब्ध करवाने की मांग की थी, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई। कॉलेज की ओर से बताया गया कि वीडियो फुटेज का एक्सेस उनके पास नहीं है और यह व्यवस्था वीआईटी (VIT) के नियंत्रण में है। परिजनों के अनुसार कॉलेज प्रबंधन की ओर से उन्हें इस मामले की शिकायत नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) को मेल के माध्यम से भेजने और उचित कार्रवाई की मांग करने की सलाह दी गई। इसके बाद उन्होंने एनटीए को पूरे घटनाक्रम की जानकारी भेजी। बताया गया कि कमरे नंबर 134 में तैनात दोनों इन्विजिलेटर के नाम कॉलेज प्राचार्य द्वारा उपलब्ध करवाए गए, जिनमें डॉ. मनीषा चोबिसा और डॉ. किरण पारिख शामिल हैं। परीक्षार्थी के परिजनों ने एनटीए और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि कमरे नंबर 134 में परीक्षा दे रहे सभी 20 से अधिक विद्यार्थियों के मामले की जांच की जाए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग रखी है।परिजनों का कहना है कि नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा में हर एक मिनट महत्वपूर्ण होता है। 15 मिनट का समय कम मिलना विद्यार्थियों के भविष्य और मेहनत पर असर डाल सकता है। उन्होंने प्रभावित विद्यार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करने पर भी विचार करने की मांग की है।

रिया के परिजनों ने कहा कि यह केवल उनकी बेटी का मामला नहीं है, बल्कि सभी नीट अभ्यर्थियों के भविष्य और परीक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता से जुड़ा विषय है। उन्होंने मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई और भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा नहीं होने की मांग की है।

# भैंसड़ा कला में प्रशासनिक शिविर का विरोध, ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार सहित कर्मचारियों को भवन में बंद किया



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के भैंसड़ा कला गांव में आयोजित प्रशासनिक शिविर के दौरान पट्टों और आबादी विस्तार की मांग को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने शिविर का विरोध करते हुए नारेबाजी की और नायब तहसीलदार सहित अन्य कर्मचारियों को राजीव गांधी सेवा केंद्र के भवन में बंद कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत क्षेत्र के आबादी विस्तार की मांग पिछले तीन साल से लंबित है। इसके कारण लोगों को पट्टे नहीं मिल पा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जब शिविरों में भी पट्टे जारी नहीं किए जा रहे हैं तो ऐसे शिविरों का क्या फायदा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण राजीव गांधी सेवा केंद्र के बाहर जुटे और नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि वे शिविरों के माध्यम से अपना हक मांग रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा।

2023 में भेजा था आबादी विस्तार का प्रस्ताव ग्रामीण नवल राम डांगी ने बताया कि पंचायत की आबादी विस्तार की मांग लंबे समय से चली आ रही है। इसके लिए वर्ष 2023 में प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि अब प्रस्ताव दोबारा उदयपुर विकास प्राधिकरण को भेजने की बात कही जा रही है, जबकि पहले ही प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इससे प्रक्रिया और लंबी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक आबादी विस्तार की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी, तब तक ग्रामीणों को पट्टे नहीं मिल पाएंगे। घटना के बाद शिविर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालने का प्रयास किया। गौरतलब है कि इससे पहले भी ग्रामीण सेवा शिविरों के दौरान विरोध सामने आ चुका है। उदयपुर शहर के पास चीरवा गांव में भी शिविर के शुभारंभ के पहले दिन ग्रामीणों ने बहिष्कार किया था, हालांकि बाद में बड़गांव एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर कुछ समस्याओं का समाधान किया था।

# बिलंकिट पर एक्सपायर्ड दही डिलीवर करने का आरोप, ग्राहक ने जताई नाराजगी




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। ऑनलाइन ग्रॉसरी डिलीवरी प्लेटफॉर्म Blinkit पर एक्सपायर्ड दही डिलीवर करने का आरोप लगाया गया है। उदयपुर निवासी प्रणव चौहान ने बताया कि उन्होंने 22 जून 2026 को दही ऑर्डर किया था। डिलीवरी मिलने के बाद जब उन्होंने पैकेट पर लिखी जानकारी देखी तो पता चला कि दही की "Use By" तारीख 21 जून 2026 थी, यानी उत्पाद की वैधता डिलीवरी से एक दिन पहले ही समाप्त हो चुकी थी। प्रणव चौहान ने कहा कि एक्सपायरी तिथि निकल चुके खाद्य पदार्थों की बिक्री और डिलीवरी उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने कंपनी से इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की मांग की है। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की कि ऑनलाइन मंगाए जाने वाले खाद्य उत्पादों को इस्तेमाल करने से पहले पैकिंग और एक्सपायरी तिथि जरूर जांच लें।

# सुभाष नगर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, 150 मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। समाज सेवा के उद्देश्य से सुभाष नगर जैन सोसायटी उदयपुर की ओर से महावीर भवन, सुभाष नगर में रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 150 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर का उद्घाटन आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राहुल जैन ने किया। इस अवसर पर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन भी मौजूद रहे। सोसायटी अध्यक्ष राकेश नंदावत ने बताया कि शिविर में मरीजों की रक्तचाप और मधुमेह की नि:शुल्क जांच की गई। डॉ. हरिंद्र सिंह, डॉ. वत्स गुप्ता और डॉ. विशाल ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया। सोसायटी महामंत्री हेमंत कोठारी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और उन्हें बेहतर चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के दौरान सोसायटी अध्यक्ष राकेश नंदावत एवं महिला मंडल अध्यक्षा आशा सिसोदिया ने डॉ. राहुल जैन, विधायक ताराचंद जैन, डॉ. हरिंद्र सिंह, डॉ. वत्स गुप्ता और डॉ. विशाल का साफा पहनाकर एवं माला अर्पित कर स्वागत किया। महिला मंडल अध्यक्षा आशा सिसोदिया ने शिविर में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों और सहयोगी कर्मियों की निस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।

# शिल्पग्राम में हुआ योगाभ्यास



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 21 जून। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ,उदयपुर ने 12वें विश्व योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस पर 21 जून रविवार को शिल्पग्राम में सुबह श्रीमती भारती मीणा द्वारा विधिवत योगाभ्यास कराये गए जिनमें विभिन्न आसनों के प्रदर्शन और प्रयोग हुए, जिनमें कलाकारों और जन समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। योग दिवस की थीम ''स्वस्थ आयु के लिए योग थी। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि आयुष मंत्रालय एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार केन्द्र द्वारा विश्व योग दिवस पर 21 जून रविवार को शिल्पग्राम के आंगन में योगाभ्यास किया गया। करीब एक घंटे के इस सत्र में योग प्रशिक्षक भारती मीणा एवं सुमन कुमावत के सानिध्य में लोक कलाकारों, शिल्पकारों तथा केन्द्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के आसनों, योग मुद्राओं तथा भ्रामरी का अभ्यास किया। प्रशिक्षक भारती मीणा ने मंच से समस्त क्रियाओं के शारीरिक लाभ तथा उनके अभ्यास को सहज और सरल ढंग से समझाया। इस अवसर पर इनके साथ आये सुमन कुमावत ने योग क्रियाओं का प्रदर्शन कर अभ्यास को सुगम बनाया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धांत भटनागर ने किया। अंत में उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर केन्द्र के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# गैंग का पर्दाफाश: महिलाओं के पर्स, मोबाइल और बैग छीनकर करते थे मौज-मस्ती, 3 शातिर गिरफ्तार, 2 नाबालिग डिटेन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में राहगीरों और महिलाओं को निशाना बनाकर मोबाइल, पर्स और बैग झपटने वाली एक सक्रिय गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। सविना थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, ह्यूमन इंटेलिजेंस और लगातार निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन आदतन और शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो बाल अपचारियों को डिटेन किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में शहर के विभिन्न इलाकों में अंजाम दी गई 10 वारदातों को कबूल किया है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में शहर में बढ़ती झपटमारी, चेन स्नैचिंग और महिलाओं से पर्स व मोबाइल छीनने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा और नगर पूर्व वृत्ताधिकारी छवि शर्मा के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी गजबीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनाओं के पैटर्न का विश्लेषण किया तो सामने आया कि एक ही प्रकार की वारदातें अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार हो रही हैं। इसके बाद मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने झाड़ोल क्षेत्र के युवकों तक पहुंच बनाई और उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में पूरे गिरोह का खुलासा हो गया।

पुलिस ने पारेवी फला कात्या, थाना झाड़ोल निवासी 19 वर्षीय जितेन्द्र उर्फ जेबला पुत्र बाबूलाल, पारेवी फला नाल घाटी निवासी 20 वर्षीय हंसमुख पुत्र हीरालाल तथा कन्धारिया पारेवी, थाना झाड़ोल निवासी 20 वर्षीय कमलेश पुत्र नाना को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा गिरोह से जुड़े दो बाल अपचारियों को भी डिटेन किया गया है।

पूछताछ में आरोपियों ने 15 जून और 6 जून को शहर के विभिन्न इलाकों में की गई झपटमारी और चोरी की 10 वारदातों को स्वीकार किया है। आरोपियों ने 15 जून को आर्मी एरिया के आगे गोवर्धनविलास की ओर जा रही एक महिला का पर्स छीना था। इसी दिन सेक्टर-14 क्षेत्र में स्कूटी सवार दो महिलाओं से पर्स झपट लिया गया। चेतक सर्कल के पास पैदल जा रहे एक व्यक्ति का मोबाइल भी छीन लिया गया। इसके अलावा 6 जून को उदियापोल क्षेत्र में स्कूटी सवार युवती का बैग झपट लिया गया था। गोवर्धनविलास क्षेत्र में पैदल जा रहे एक युवक का मोबाइल भी छीना गया। 15 जून को रामपुरा क्षेत्र में बाइक के पीछे बैठी महिला से बैग झपटने की घटना को भी इन्हीं आरोपियों ने अंजाम दिया था।

गिरोह ने उदियापोल में पैदल जा रहे एक युवक से मोबाइल छीना, वहीं गोवर्धनविलास क्षेत्र में स्कूटी पर जा रही एक युवती का बैग भी झपट लिया। इसी क्षेत्र में पैदल जा रहे एक अन्य युवक से मोबाइल छीनने की वारदात भी आरोपियों ने कबूल की है। इसके अलावा 6 जून को सेक्टर-11 क्षेत्र से एक पल्सर मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना का भी खुलासा हुआ है।

पुलिस जांच में सामने आया कि सभी आरोपी आपस में घनिष्ठ मित्र हैं और मौज-मस्ती तथा शराब पार्टी के लिए वारदातों को अंजाम देते थे। गिरोह के सदस्य शाम के समय अपने गांवों से मोटरसाइकिल लेकर उदयपुर शहर आते थे और कुछ ही घंटों में तीन से चार वारदातें करने के बाद वापस लौट जाते थे। वारदातों के लिए वे भीड़भाड़ वाले इलाकों, सुनसान मार्गों और महिलाओं या अकेले राहगीरों को निशाना बनाते थे।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। आरोपी जितेन्द्र उर्फ जेबला के खिलाफ लूट और मारपीट के चार मामले दर्ज हैं। हंसमुख के खिलाफ चोरी, लूट, झपटमारी और आर्म्स एक्ट के कुल पांच मामले दर्ज हैं। वहीं कमलेश के खिलाफ लूट और आर्म्स एक्ट से जुड़े दो प्रकरण दर्ज हैं।

सविना थाना पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। जांच अधिकारियों का मानना है कि इनसे शहर और आसपास के क्षेत्रों में हुई अन्य झपटमारी और चोरी की घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है। पुलिस गिरोह से बरामद सामान और उनके अन्य साथियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

इस कार्रवाई में सविना थानाधिकारी गजबीर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक लादू जाट, सहायक उपनिरीक्षक मदन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल कृष्ण प्रताप सिंह, हितेन्द्र सिंह, समुन्द्र सिंह, भानुप्रकाश, कांस्टेबल मांगीलाल, छगनलाल, किशोर, झाड़ोल थाने के कांस्टेबल यशवंत सिंह तथा साइबर सेल उदयपुर के कांस्टेबल लोकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ई-मित्र सेंटर की आड़ में नशीले कैप्सूल का कारोबार, ANTF-पुलिस ने दबोचा आरोपी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. ई-मित्र सेंटर की आड़ में चल रहे नशीली दवाओं के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) और सूरजपोल थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक ई-मित्र संचालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी भी जब्त कर ली है। जानकारी के अनुसार इन्द्रानगर बीड़ा क्षेत्र में संचालित "जीआर कम्प्यूटर ई-मित्र" नामक दुकान का संचालक रवि अठवाल लंबे समय से प्रतिबंधित कैप्सूल की बिक्री में लिप्त था। आरोप है कि वह दुकान पर आने वाले लोगों के अलावा अपने संपर्क के ग्राहकों तक भी नशीली दवाइयों की सप्लाई करता था। ANTF के आईजी विकास कुमार ने बताया कि प्रदेशभर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित कैप्सूल लेकर स्कूटी से सप्लाई के लिए निकलने वाला है। सूचना मिलते ही ANTF की टीम ने इन्द्रानगर बीड़ा स्थित दुकान के बाहर निगरानी शुरू कर दी। बताए गए हुलिए के आधार पर टीम ने दुकान के बाहर खड़े रवि अठवाल को चिन्हित कर रोका और स्थानीय सूरजपोल थाना पुलिस को मौके पर बुलाया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान आरोपी की स्कूटी की तलाशी ली गई, जिसमें 40 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने कैप्सूल और स्कूटी दोनों को जब्त कर लिया। पुलिस ने खांजीपीर स्थित वाल्मीकि बस्ती निवासी 33 वर्षीय रवि अठवाल पुत्र जगदीश अठवाल को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी नशीले कैप्सूल कहां से लाता था और शहर में किन-किन लोगों तक इसकी सप्लाई की जाती थी। जांच एजेंसियों का मानना है कि पूछताछ में नशे के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है।

# परीक्षा देकर लौट रहे छात्र का चाइनीज मांझे से कटा गला, तीन उंगलियां भी जख्मी


24 न्यूज अपडेट

जयपुर. प्रतिबंधित चाइनीज मांझा एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। प्रतियोगी परीक्षा देकर घर लौट रहे एक छात्र का गला मांझे की चपेट में आने से गंभीर रूप से कट गया। खुद को बचाने के प्रयास में छात्र के हाथ की तीन उंगलियां भी घायल हो गईं। समय रहते राहगीरों और पुलिस की मदद मिलने से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के अनुसार, अलवर जिले के गंजखेड़ली निवासी अजय शर्मा वैशाली नगर के गांधी पथ क्षेत्र में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। रविवार शाम करीब 6:30 बजे परीक्षा देकर बाइक से वापस लौटते समय रामनगर मेट्रो स्टेशन और सोडाला थाना क्षेत्र के बीच एलिवेटेड रोड पर अचानक हवा में लटका चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में फंस गया। तेज धार वाले मांझे ने अजय की गर्दन को गहराई तक चीर दिया। अचानक हुए इस हादसे से घबराए अजय ने बाएं हाथ से मांझा हटाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान उनका अंगूठा और दो उंगलियां भी कट गईं। गंभीर चोट लगने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मदद के लिए दौड़ लगाई। राहगीरों ने कपड़े की सहायता से खून बहना रोका और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार, मांझे से लगा घाव सांस की नली के बेहद करीब था। यदि चोट कुछ और गहरी होती तो स्थिति जानलेवा भी हो सकती थी। उपचार के बाद छात्र को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। यह घटना एक बार फिर शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की खुलेआम बिक्री और उसके खतरों को लेकर सवाल खड़े कर रही है।

# SI भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में SOG की कार्रवाई, लीक पेपर पढ़कर परीक्षा देने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। उप निरीक्षक (SI) भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस SOG विशाल बंसल ने बताया कि आरपीएससी के तत्कालीन सदस्य बाबूलाल कटारा द्वारा लीक किए गए पेपर को पढ़कर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी मनीष दाधीच को गिरफ्तार किया गया है। जांच के अनुसार, मनीष दाधीच ने अपने भाई पुरुषोत्तम दाधीच और संदीप कुमार लाटा के जरिए लीक हुआ प्रश्नपत्र हासिल किया था। आरोप है कि बाबूलाल कटारा द्वारा उपलब्ध करवाए गए प्रश्नपत्र और उत्तर परीक्षा से पहले पढ़कर मनीष ने लिखित परीक्षा दी। SOG के मुताबिक, मनीष दाधीच ने हिंदी विषय में 200 में से 170.08 अंक और सामान्य ज्ञान में 200 में से 158.69 अंक हासिल किए थे। हालांकि इंटरव्यू में न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त नहीं होने के कारण उसका अंतिम चयन नहीं हो सका।



## भाई और अन्य आरोपी पहले हो चुके गिरफ्तार

SOG ने इससे पहले 2 जून 2025 को मनीष के भाई पुरुषोत्तम दाधीच और 4 जून 2025 को संदीप कुमार लाटा को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि दोनों ने लीक पेपर हासिल कर अपने परिचित अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र पढ़वाकर अनुचित लाभ पहुंचाया। दोनों आरोपियों के खिलाफ 31 जुलाई 2025 को न्यायालय में आरोप पत्र भी पेश किया जा चुका है। वर्तमान में दोनों आरोपी सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर हैं और अपने-अपने विभागों में निलंबित चल रहे हैं।

## गिरफ्तारी पर घोषित था 10 हजार रुपए का इनाम

SOG के अनुसार, मनीष दाधीच लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक SOG की ओर से 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आखिरकार उसे 19 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 23 जून 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। SI भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में अब तक कुल 147 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और मामले की जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपी मनीष दाधीच पुत्र महावीर प्रसाद शर्मा, निवासी सागू छोटी, पोस्ट सागू कलां, थाना खुनखुना, जिला डीडवाना-कुचामन का रहने वाला है।

# फतहसागर में तैरता मिला 46 वर्षीय व्यक्ति का शव, देर रात मचा हड़कंप, डूंगरपुर निवासी प्रहलाद पाटीदार के रूप में हुई पहचान




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर की फतहसागर झील में रविवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब पानी में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। झील पर घूमने आए पर्यटकों ने शव को देखकर तुरंत पुलिस और सिविल डिफेंस टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही संबंधित टीमें मौके पर पहुंचीं और शव को पानी से बाहर निकलवाकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

घटना रात करीब 10 बजे फतहसागर की पाल स्थित दूसरी छतरी के पास की बताई जा रही है। रविवार होने के कारण झील क्षेत्र में बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग मौजूद थे। इसी दौरान कुछ लोगों की नजर पानी में तैर रहे शव पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और मामले की जानकारी प्रशासन को दी गई। सिविल डिफेंस की टीम ने रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला और अंबामाता थाना पुलिस के हवाले कर दिया। जांच के दौरान मृतक की पहचान डूंगरपुर निवासी प्रहलाद पाटीदार (46) के रूप में हुई। सिविल डिफेंस के कैलाश मेनारिया ने बताया कि शुरुआती स्तर पर मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को उदयपुर के एमबी अस्पताल की मोर्च्यूरी में रखवाया है, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आत्महत्या और हत्या दोनों संभावनाओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# NEET-UG 2026 री-एग्जाम में मोबाइल से चीटिंग का मामला: छात्रा जेल भेजी गई, मोबाइल फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा

24 न्यूज अपडेट



जयपुर। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (NEET)-UG 2026 री-एग्जाम में परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल से चीटिंग करने के आरोप में पकड़ी गई छात्रा को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने छात्रा को न्यायिक हिरासत (ज्यूडिशियल कस्टडी) में भेज दिया है। पेशी के बाद छात्रा चेहरा छुपाते हुए कोर्ट परिसर से बाहर निकली। पुलिस ने छात्रा के पास मिले मोबाइल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट के बाद यह साफ हो सकेगा कि मोबाइल का इस्तेमाल केवल प्रश्नों के जवाब खोजने के लिए किया गया था या प्रश्नपत्र की जानकारी किसी अन्य व्यक्ति तक पहुंचाने की कोशिश भी की गई थी। पुलिस के अनुसार, परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के इस्तेमाल की पुष्टि होने पर छात्रा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित कानून के तहत दोष सिद्ध होने पर पांच साल तक की सजा और 10 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।

## बिंदायका परीक्षा केंद्र पर पकड़ी गई थी छात्रा

मामला बिंदायका स्थित परीक्षा केंद्र का है, जहां रविवार को परीक्षा के दौरान छात्रा हिमांशी तिवाड़ी (22) को मोबाइल से चीटिंग करने की कोशिश करते पकड़ा गया था। परीक्षा हॉल में मौजूद शिक्षक को छात्रा की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उसकी जांच की गई और उसके पास मोबाइल मिला। पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने मोबाइल को अंडरगारमेंट्स में शर्ट के बटन के नीचे छिपाया हुआ था। छात्रा प्रेम नगर गुर्जर की थड़ी इलाके की रहने वाली बताई जा रही है।

छात्रा ने बताया- AI की मदद से जवाब देखने के लिए लाई थी मोबाइल पुलिस पूछताछ में छात्रा ने बताया कि वह परीक्षा के दौरान एआई (AI) की मदद से सवालों के जवाब खोजने के लिए मोबाइल लेकर आई थी। परीक्षा केंद्र के अधिकारियों ने मोबाइल जब्त कर पुलिस को सौंप दिया। जांच में यह भी सामने आया कि परीक्षा खत्म होने से करीब 15 मिनट पहले छात्रा के मोबाइल में नीट प्रश्नपत्र की तस्वीरें मिलीं। हालांकि परीक्षा केंद्र के आसपास जैमर सक्रिय होने के कारण वह तस्वीरें या अन्य जानकारी बाहर नहीं भेज सकी।

मेटल डिटेक्टर जांच में दिया था गलत जवाब प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान दो बार मेटल डिटेक्टर से अलर्ट मिला था। छात्रा ने सुरक्षा कर्मियों को बताया कि अलर्ट अंडरगारमेंट्स में लगे हुक के कारण आ रहा है, जिसके बाद उसे प्रवेश दे दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने छात्रा के अलावा परीक्षा केंद्र अधीक्षक और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से भी पूछताछ की है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि सुरक्षा जांच के बावजूद मोबाइल परीक्षा कक्ष तक कैसे पहुंचा।

# डूंगरपुर में अवैध लकड़ी परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, हरी पेड़ों की गीली लकड़ियों से भरे दो ट्रक जब्त

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। सागवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध रूप से हरे पेड़ों की गीली लकड़ियों के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ट्रकों को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों ट्रक चालकों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सागवाड़ा थाने के एसआई अश्विन कुमार ने बताया कि अवैध सफेद लाइटों की जांच और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी को लेकर पुलिस की ओर से नाकेबंदी की जा रही थी। इसी दौरान गलियाकोट मोड़ पर दो संदिग्ध ट्रक आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों ट्रकों को रुकवाकर जांच की। ट्रकों पर लगे त्रिपाल हटाने पर उनमें विभिन्न प्रजातियों के हरे पेड़ों की गीली लकड़ियां भरी हुई मिलीं। पुलिस ने ट्रक चालकों से लकड़ियों के परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज और परमिट मांगे, लेकिन वे कोई संतोषजनक कागजात पेश नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने दोनों ट्रकों को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवाया। मामले की जानकारी क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंज सागवाड़ा) को दी गई।

बाद में दोनों ट्रक और उनके चालकों को अग्रिम दंडात्मक एवं कानूनी कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। अब वन विभाग मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करेगा।

# मोहर्रम, निर्जला एकादशी और रथयात्रा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, सौहार्द के साथ पर्व मनाने का आह्वान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आगामी मोहर्रम, निर्जला एकादशी एवं जगन्नाथ रथयात्रा के मद्देनजर सोमवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्वों के दौरान शांति व्यवस्था, कानून व्यवस्था और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) जितेंद्र ओझा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने सभी समुदायों एवं नागरिकों से त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि जिले के सभी पर्व गंगा-जमुनी संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। इनके सफल आयोजन के लिए सभी पक्षों का सहयोग जरूरी है। बैठक में बताया गया कि निर्जला एकादशी और मोहर्रम जैसे प्रमुख पर्व 25 और 26 जून को आयोजित होंगे, जबकि जगन्नाथ रथयात्रा 16 जुलाई को निकाली जाएगी। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने आयोजकों से जुलूस एवं शोभायात्राओं के रूटचार्ट, स्वयंसेवकों की व्यवस्था और अन्य तैयारियों की जानकारी ली। मंदिर समितियों, मोहर्रम कमेटी और अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव रखे और प्रशासन से आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा ने मोहर्रम और जगन्नाथ रथयात्रा के निर्धारित मार्गों पर पेंचवर्क, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कवरेज और अन्य इंतजामों की जानकारी दी। प्रशासन ने सभी पक्षों से सोशल मीडिया पर भ्रामक या विवादित सामग्री प्रसारित नहीं करने की अपील की और निगरानी रखने की बात कही। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, शांति समिति सदस्यों, मंदिर समितियों और मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने आगामी आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

# 14 मंदिरों के 1000 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं व बच्चों ने प्राप्त किया धर्म संस्कार का ज्ञान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 22 जून। झीलों एवं धर्म की नगरी उदयपुर में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर एवं श्री दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में चारित्र चक्रवर्ति आचार्य शांतिसागर एवं संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के मंगल आशीष से एवं मुनि पुंगव सुधासागर महामुनि राज के मंगल प्रेरणा से आयोजित सम्यक् ज्ञान शिक्षण शिविर का ऐतिहासिक भव्य सामूहिक समापन आरएनटी मेडिकल कॉलेज सभागार में सम्पन्न हुआ। झीलों की नगरी में आठ दिनों तक खुब धर्म ज्ञान की गंगा का प्रवाह हुआ। सभी विद्वानों को सेवा समर्पण में धार्मिक संस्कारों से ओत-प्रोत जैन धर्म की मौलिक शिक्षाएं प्रदान करने में दिए गए सहयोग के लिए साधुवाद दिया। क्षेत्रीय प्रभारी एवं शिविर संयोजक अंकित जैन शास्त्री ने बताया कि उदयपुर में विराजमान अनेकों संतो के मंगल आशीष एवं गुरुदेव के मंगल वरदहस्त की छाँव तले शिविर सानंद सम्पन्न हुआ। खचाखच भरे आरएनटी मेडिकल कॉलेज परिसर श्रावक-श्राविकाओं ने पूरा सभागार जयकारों से गुंजायमान कर दिया। आयोजन में उदयपुर के 14 मंदिरों के श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया जिनको प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार प्रदान किया गया। 1000 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं व बच्चों ने धर्म संस्कार का ज्ञान प्राप्त किया। समापन समारोह का आगाज आचार्य विद्यासागर महाराज, आचार्य समयसागर महाराज, मुनि सुधासागर महाराज के चित्र का अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन तथा जिनवाणी विराजमान करने का लाभ पुण्यार्जक परिवारों को दिया गया। सांगानेर के 25 विद्वानों का अभिनंदन, उत्कृष्ट शिविरार्थियों,14 जिनालयों के पदाधिकारियों का सम्मान कर समस्त बच्चों को पुरस्कार दिए गए। समारोह में मुख्य अतिथि जैन-रत्न विमल पाटनी आर के मार्बल वंडर सीमेंट, समारोह अध्यक्ष समाज सेवी महेन्द्र टाया व विशिष्ट अतिथि पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी थे। इस अवसर पर सांगानेर के उत्तम चंद पाटनी व सुरेश जैन का सानिध्य व आशीर्वाद मिला।

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष कुंथु कुमार गणपतोत ने बताया कि सुधासागर की मंगल भावना के अनुरूप संपूर्ण भारत वर्ष में जैन धर्म प्रचारक विद्वान शिविरों की माध्यम से ज्ञान गंगा का प्रवाह कर रहे हैं। समारोह अध्यक्ष महेंद्र टाया ने सांगानेर संस्थान के प्रति अपना आभार प्रकट किया। कहा कि बच्चों में यदि धार्मिक संस्कार जगाने का प्रयास किया जाए तो उनमें अच्छे गुणों का पनपना सहज हो जाएगा और अच्छे गुणों से ही सुसंस्कारित जीवन बन सकता है। सांगानेर के विद्वान ने बताया कि किस प्रकार से प्रतिदिन अभिषेक पूजन और स्वाध्याय की कक्षाओं के माध्यम से धर्म की प्रभावना हुई। चित्रकूट नगर बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। मंगलाचरण निकीता शाह व अर्चना पटवारी तथा आभार महासचिव प्रकाश अखावत ने किया। मुख्य अतिथि विमल पाटनी ने निरंतर इस प्रकार के शिविर लगाने की प्रेरणा दी। पारस सिंघवी ने इन शिविरों की महती सार्थकता बताई महेन्द्र टाया ने शिविरार्थियों को सतत स्वाध्याय की प्रेरणा दी। अध्यक्ष कुंथुकुमार जैन ने स्वागत् उद्बोधन दिया ,माणक चंद लुहाडिया ने भी उद्बोधन दिया। उल्लेखनीय है कि श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर, धर्म प्रभावना समिति तथा महासमिति के तत्वावधान में शिविरों लगे। इस अवसर पर शशि कान्त शाह, राजेन्द्र अखावत, पंडित भुवनेश शास्त्री, जिनेन्द्र गांगावत, दिनेश सोनी, राजेश वैद, डॉ एस के लुहाडिया, प्रमोद ठोलिया, सुमति प्रकाश वालावत, रोशन आवोत, श्याम जसींगोत, दिनेश डवारा तरूण अग्रवाल, संजीव गंगवाल, राजेश बडजात्या ,डॉ नरेंद्र बैनाडा, धनपाल जेतावत, नरेन्द्र टाया, विजय लोलावत, अशोक अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, झमक लाल अखावत, विमल सेठ, नेमी कुमार कंठालिया, नेमीचन्द पटवारी, राजेश टाया, सुरेश वालावत, जगदीश जैन विजय टोंगिया ,मनोज गदिया आदि उपस्थित थे।

# राज्यपाल कटारिया के VVIP काफिले में घुसी इनोवा, एंबुलेंस से टक्कर; महिला समेत 2 घायल, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



24 न्यूज अपडेट

लुधियाना। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के VVIP काफिले के दौरान सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। चंडीगढ़ से लुधियाना जा रहे राज्यपाल के काफिले के साथ समराला के घुलाल टोल प्लाजा पर एक निजी इनोवा कार अचानक VIP लेन में घुस गई। इस दौरान काफिले में शामिल सरकारी एंबुलेंस अनियंत्रित होकर इनोवा से टकरा गई। हादसे में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राज्यपाल का काफिला लुधियाना के गुरु नानक देव भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। सुबह करीब 8 बजे काफिला घुलाल टोल प्लाजा की रिजर्व VIP लेन से गुजर रहा था। इसी दौरान एक इनोवा कार अचानक उसी लेन में पहुंच गई और टोल कटवाने के लिए रुक गई। अचानक सामने आई कार को देखकर काफिले में चल रही एंबुलेंस के चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन नियंत्रण बिगड़ने से एंबुलेंस इनोवा से जा टकराई। टक्कर के कारण एंबुलेंस में बैठे इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन गुरजंट सिंह (निवासी तरनतारन) और इनोवा में सवार महिला गुरजीत कौर (निवासी लुधियाना) घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद सड़क सुरक्षा फोर्स (SSF) की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को समराला के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। राहत की बात यह रही कि राज्यपाल के काफिले में शामिल अन्य वाहनों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एंबुलेंस के इनोवा से टकराने का दृश्य दिखाई दे रहा है। हादसे के बाद पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं इनोवा चालक सुरिंदर सिंह ने बताया कि वह अपनी मां और पत्नी के साथ जा रहे थे। उनके अनुसार उन्हें जानकारी नहीं थी कि यह राज्यपाल का काफिला है। टोल कर्मी के इशारे पर उन्होंने VIP लेन में गाड़ी आगे बढ़ाई और टोल कटवाने के लिए रोक दी, तभी पीछे से एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। इस घटना के बाद VVIP सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि VIP लेन में आम वाहन का प्रवेश सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक है, जिसकी जांच जरूरी है।

# सेंट एंथोनी स्कूल में योग दिवस पर स्वस्थ जीवन का संदेश, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बताया योग का महत्व



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को योग के महत्व तथा उसके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित रूप से योग करने का संदेश दिया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी विकास साहू ने बताया कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को तन, मन और आत्मा से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है, तनाव कम होता है और जीवन में सकारात्मकता एवं संतुलन का विकास होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य विलियम डिसूजा ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल और डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता से बचते हुए योग, व्यायाम और सकारात्मक गतिविधियों की ओर ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों के साथ नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया, ताकि परिवार में स्वस्थ जीवनशैली की संस्कृति विकसित हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी के स्वस्थ, सुखद और सकारात्मक जीवन की कामना की। अंत में "योग अपनाएं, निरोग रहें" के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# महेश नवमी महोत्सव: सांस्कृतिक संध्या में बिखरे कला के रंग, एक शाम प्रभु के नाम दिव्य संध्या आज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नगर माहेश्वरी युवा संगठन, उदयपुर की ओर से महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी के तहत आरएमवी ग्राउंड में रविवार को समाज जनों के लिए एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीप्ति माहेश्वरी और यूडीए उपायुक्त रमेश बहेड़िया उपस्थित रहे। संगठन के उपाध्यक्ष दीपक लड्ढा और अभिषेक चैचाणी ने बताया कि इस रंगारंग संध्या में समाज के बच्चों और युवाओं द्वारा कुल 27 मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें सब-जूनियर वर्ग में 11, जूनियर वर्ग में 7, सीनियर वर्ग में 4, तीन ग्रुप डांस और दो युगल डांस शामिल थे। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए शिव तांडव और नवरतन ग्रुप की ओर से नवरास में श्रीकृष्ण व मां दुर्गा के मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मंच पर नवदुर्गा के नौ रौद्र रूपों ने मिलकर महिषासुर का संहार किया और यह संदेश दिया कि सत्य और शक्ति के आगे अधर्म कभी टिक नहीं सकता।

महोत्सव के खेलकूद आयोजनों के तहत समाज के खेल प्रेमियों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का भी शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में समाज जनों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया, जहां विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच कड़े और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

### महेश नवमी पर्व पर आज सजेगी 'एक शाम प्रभु के नाम'

### भव्य भजन संध्या और दिव्य झांकियां

सांस्कृतिक मंत्री हितेश माहेश्वरी और धीरज धुप्पड़ ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि महेश नवमी पर्व के इसी उपलक्ष्य में 22 जून सोमवार को सायं 7:30 बजे से राजस्थान महिला विद्यालय अमल का कांटा, उदयपुर में "एक शाम प्रभु के नाम" भव्य कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। इस दिव्य शाम में सुप्रसिद्ध भजन गायक लोकेश तूफानी एवं ग्रुप द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। इसके साथ ही कार्यक्रम में गणेश वंदना, राधा-कृष्ण लीला, भोलेनाथ की बारात और हनुमान जी की भव्य झांकी विशेष आकर्षण होंगे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में निर्मला-गोपाल काबरा, जतन-नारायण असावा, रेखा-रमेश असावा तथा प्रेमलता-दिलीप मूंदड़ा मौजूद रहेंगे।

# महाराणा प्रताप खेलगांव में योग का महाउत्सव: खिलाड़ियों व अभिभावकों ने किया योगाभ्यास



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन पूरे उत्साह, उमंग और स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश के साथ किया गया। योग दिवस के अवसर पर खेलगांव परिसर में आयोजित विशेष योग सत्र में खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस का आयोजन विशेष रूप से खिलाड़ियों और उनके परिवारों को ध्यान में रखते हुए किया गया। आयोजन का सफल संचालन योग प्रशिक्षिका रीना पुरोहित द्वारा किया गया, जिन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया। योग प्रशिक्षिका रीना पुरोहित ने योग की विभिन्न मुद्राओं और आसनों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और अभिभावकों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि खेलगांव के नियमित खिलाड़ियों के साथ उनके माता-पिता भी योग मैट पर नजर आए। अभिभावकों ने पूरे उत्साह के साथ योग क्रियाओं में भाग लिया, जिससे आयोजन का माहौल और अधिक प्रेरणादायक बन गया। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने कहा कि योग केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक महत्वपूर्ण पद्धति है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से प्रसिद्ध उक्ति "पहला सुख निरोगी काया" को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्राथमिकता देते हुए डॉ. महेश पालीवाल ने एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि अब महाराणा प्रताप खेलगांव में सप्ताह में एक दिन सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य रूप से कॉमन एक्सरसाइज एवं योग क्लास आयोजित की जाएगी, ताकि खिलाड़ी खेल कौशल के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बन सकें। योग प्रशिक्षिका रीना पुरोहित के मार्गदर्शन और जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल की पहल से आयोजित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, फिटनेस और अनुशासन का संदेश देने में सफल रहा। खिलाड़ियों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को और अधिक प्रभावशाली बना दिया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।